व्याख्या - बनास नदी चंबल की सहायक नदी है तथा चंबल यमुना की सहायक नदी है, यमुना गंगा में मिलती है एवं गंगा नदी बंगाल की खाड़ी में गिरती है।

645. घग्घर का मैदान स्थित है-

(a) झुंझुनूं व सीकर जिलों में
(b) जालौर व सिरोही जिलों में
(c) गंगानगर व हनुमानगढ़ जिलों में
(d) जैसलमेर बाड़मेर जिलों में

पटवार -2020 (24 अक्टूबर, 2021) Shift-IV

Ans. (c) घग्घर नदी का का उद्गम हिमाचल प्रदेश में शिवालिक पहाड़ी से होता है। यह हिमाचल प्रदेश से निकलने के बाद हरियाणा, पंजाब में बहते हुए राजस्थान में (उत्तर दिशा से) हनुमनगढ़ जिले में प्रवेश करती है। पूर्व में मानसूनी वर्षा के दौरान इस नदी का पानी राजस्थान के अनूपगढ़ तक पहुँच जाता था। घग्घर नदी का मैदान राजस्थान के गंगानगर एवं हनुमानगढ़ जिलों में स्थित है। घग्घर नदी को मृत नदी, नट नदी, लेटी हुई नदी आदि नामों से जाना जाता है। इस नदी को भारत में घग्घर एवं पाकिस्तान में हकरा नदी के नाम से जाना जाता है।

646. पूर्व में जब घग्घर नदी बाढ़ के उफान में होती थी, तो कहाँ तक पहुँच जाती थी?

(1) तलवाडा झील
(2) हनुमानगढ़
(3) अनुपगढ़
(4) फोर्ट अब्बास

उत्तर—(3)

RPSC RAS/RTS 2006-07

व्याख्या— उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

647. कौन सी नदी राजस्थान में उत्तर दिशा से प्रवेश करती है?

(a) चंबल
(b) माही
(c) घग्घर
(d) कान्तली

Gram Vikash Adhikari (Mukhya Pariksha) 09-07-22
RPSC Librarian Gr-III 11-09-2022 Shift-I

Ans. (c) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

648. कौन सी नदी 'मृत नदी' के नाम से जानी जाती है?

(a) माही
(b) चंबल
(c) लूनी
(d) घग्घर

संगणक भर्ती परीक्षा- 2018 (5 मई, 2018)
कर सहायक भर्ती परीक्षा-2018
RPSC OAA-2018 Ag. Deptt (Part-1) 17-10-2022
RPSC Computer Exam-2018 Date 07-10-2022

Ans. (d) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

649. वाकल, वतरक, मेशवाँ और हथमती किसकी सहायक नदियाँ हैं।

(a) माही
(b) जाखम
(c) सवरमती
(d) सोम

JEN Civil Diploma 21.08.2016
कनिष्ठ लिपिक अभियन्ता 18-05-2022

Ans. (c) वाकल, वतरक, मेशवाँ, हथमती, हरनव, सेई, माजम आदि साबरमती नदी की सहायक नदियाँ हैं। साबरमती नदी राजस्थान के उदयपुर में अरावली पहाड़ियों से निकलती है और राजस्थान से बहते हुए गुजरात में प्रवेश करती है तथा अरब सागर में खम्भात की खाड़ी में गिरती है। इसकी कुल लम्बाई 371 किमी. है। यह नदी गुजरात की राजधानी गाँधीनगर साबरमती नदी तट पर स्थित है।

650. राजस्थान की रुंडित सरिता किस नदी को कहा जाता है?

(a) घग्गर
(b) बाणगंगा
(c) बनास
(d) रूपारेल

RPSC-2017
फायरमैन सीधी भर्ती परीक्षा-2021 (Ex. Dt. 29-01-2022)
RPSC Kanishta Abhiyanta (Y.V.) 20-05-2022, Shift-II

Ans. (b) बाणगंगा नदी जयपुर के निकट बैराठ (विराट नगर) की पहाड़ियों से निकलती है। इसकी लम्बाई 240 किमी. है तथा इसे राजस्थान की 'रूडिंत नदी' कहा जाता है। यह नदी अलवर, जयपुर, दौसा, भरतपुर एवं धौलपुर में बहती हुई उत्तर प्रदेश के फतेहाबाद के समीप यमुना नदी में मिल जाती है। इस नदी को 'अर्जुन की गंगा' भी कहा जाता है। गुमटी नाला एवं सूरी इसकी दायें तट की तथा संवान एवं पालसन इसके बायें तट की सहायक नदियाँ है। वर्तमान में बाणगंगा नदी तलहट के जमाव के कारण केवलादेव घाना पक्षी अभ्यारण्य के समीप अवरूद्ध हो जाती है। पूर्व में यह नदी भरतपुर और आगरा (उ.प्र.) की सीमा बनाती थी।

651. राजस्थान की निम्नलिखित में से कौन-सी नदी यमुना से मिलती है?

(a) लूनी
(b) माही
(c) बाणगंगा
(d) साबरमती

कनिष्ठ अनुदेशक (फिटर) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (c) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

652. निम्न में से कौन सी नदी जयपुर जिले में होकर प्रवाहित होती है?

(a) सोम
(b) जोजड़ी
(c) बाणगंगा
(d) कालीसिंध

Prayogshala Sahayak (Geography)-30.06.2022

Ans. (c) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

653. कथन (A): चम्बल नदी राजस्थान की एकमात्र नियतवाही नदी है।
कथन (R): चम्बल नदी का जल केवल सिंचाई के उपयोग में लिया जाता है।

(a) (A) और दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।
(b) (A) और (R) दोनों सही हैं, किंतु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
(c) (A) सही है, (R) गलत है।
(d) (A) गलत है, (R) सही है।

RPSC-2017
Complier Exam Date-21.08.2016